हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 62

सरदार वल्लभ भाई पटेल कलस्टर विश्वविद्यालय

***2594 श्री अनिल शर्मा (मंडी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरदार वल्लभ भाई पटेल कलस्टर विश्वविद्यालय तथा इससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) क्या राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कलस्टर विश्वविद्यालय की स्थापना के पश्चात कम से कम 2 इन्टर डिसिप्लेनरी विषयों का आरम्भ करना आवश्यक है; यदि हां, तो सरकार सरदार वल्लभ भाई पटेल कलस्टर विश्वविद्यालय मण्डी में 2 इन्टर डिसिप्लेनरी विषय इस शैक्षणिक सत्र में शुरू करने का विचार रखती है?

बंदोबस्त कार्य

***2595 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ऊना जिला में बंदोबस्त का कार्य चला हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कितने गांवों का बंदोबस्त पूर्ण कर लिया गया है और कितना शेष है; ब्यौरा गावों के नाम सहित दें; और

(ग) क्या जिला ऊना के लाल सिंगी गांव में भी बंदोबस्त का कार्य चल रहा है; यदि हां, तो कितना कार्य हो चुका है व कितना कार्य शेष है और शेष कार्य कब पूर्ण कर लिया जाएगा?

बस स्टैंड निर्माण

***2596 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पथ परिवहन निगम द्वारा बस स्टैंड गोहर व चैल चौक के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी, कितनी व्यय की गई व कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

वेतन विसंगतियां

***2597 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आऊटसोर्स कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों तथा इनके सुरक्षित भविष्य हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Veterinary University

***2598 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state whether the Government intends to establish a Veterinary University in the State; If yes, by when?

रिक्तियां

***2599 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व विभाग में तहसीलदार, नायब-तहसीलदार, कानूनगो तथा पटवारियों के कितने पद रिक्त हैं?

Science Subject

***2600 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what steps have been taken by the Government to start Science Subjects in Senior Secondary School Kangal; and

(b) has the Department made all payments to the PWD after taking over the building of the School; if not, reasons thereof?

स्वीकृत धनराशि

***2601 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) माता आशापुरी मंदिर के परिसर में सार्वजनिक शौचालय या अन्य सुविधा हेतु ज़िला पर्यटन विकास अधिकारी धर्मशाला द्वारा लोक निर्माण विभाग को धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि किस तिथि को स्वीकृत हुई व कितनी व्यय हुई; ब्यौरा दें?

जल जीवन मिशन

***2602 श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा कितनी धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई तथा इसी अवधि में केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि प्रदान की गई; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार ने एडवांस टेंडरों को जारी करने का नीतिगत निर्णय लिया है; यदि हां, तो एडवांस टेंडरों का ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ग) प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल की कुल कितनी योजनाएं प्रस्तावित हैं; और

(घ) प्रस्तावित योजनाओं में से फरवरी, 2020 तक कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं; सूचना सभा पटल पर रखें?

होटल रेणुकाजी

*2603 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक पर्यटन विभाग द्वारा होटल रेणुकाजी में क्या मरम्मत कार्य किया गया है; इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी तथा कितनी व्यय की गई और निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

पदपूर्ति

*2604 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला श्रम एवं रोजगार कार्यालय हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

स्थानांतरण नीति

*2605 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**
श्री परमजीत सिंह(दून) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में विभिन्न विभागों में कौन-कौन से अधिकारी व कर्मचारी कितने-कितने समय से कार्यरत हैं तथा 3 वर्ष से अधिक समयावधि से कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी कब स्थानान्तरित किए जाएंगे; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत कुछेक अधिकारी बार-बार वहीं स्थानांतरण करवाकर अपनी सेवाएं देते हैं; और

(ग) यदि हां, तो सरकार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण हेतु स्थानांतरण नीति बनाने का विचार रखती है?

Funds Sanctioned Under MGNREGA

***2606 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31.01.2020, how much funds have been sanctioned in Shillai Development Block under MGNREGA; Panchayat-wise details of each scheme be given;

(b) how many schemes are still pending; Panchayatwise details be given; and

(c) what is the procedure of sanctioning the schemes under MGNREGA; details be given?

Solar Energy

***2607 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what steps have been taken by the Government for promoting Solar Energy in the State?

Jol-Khurwain Road

***2608 Sh. Balbir Singh(Chintpurni) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that upgradation of Jol-Khurwain road under Bangana Division was sanctioned in the year 2016-17; if so, how much amount was sanctioned and spent till 31.01.2020 and what is the length of the road; and

(b) when the construction work was started and by when it will be completed?

एम0ओ0यू0

***2609 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में पर्यटन तथा वैलनेस इकाइयों को स्थापित करने हेतु कितनी भूमि खरीदी व कितनी लीज पर ली गई है; ब्यौरा मालिक के नाम, जिला व पते सहित दें?

पी0ई0टी0

***2610 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दिनांक 01 अक्तूबर, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक पी0ई0टी0 के कितने पद भरे गए हैं;

(ख) यह सत्य है कि वर्ष 2006 के बाद बैकलॉग भर्ती नहीं हुई; यदि हां, तो सरकार कब तक बैकलॉग भरने का विचार रखती है; और

(ग) बी0 ए0 में फिजिकल एजुकेशन का एक विषय पढ़ने वालों से पहले 3 साल का प्रशिक्षण प्राप्त पी0ई0टी0 को अधिमान क्यों नहीं दिया जा रहा है?

क्लीयरेंस सर्टिफिकेट

***2611 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में भवनों/ सड़कों के निर्माण हेतु एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस के कितने सर्टिफिकेट जारी किए गए; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***2612 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के भवनों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितने भवनों का निर्माण

कार्य पूर्ण किया गया; कितनों का अधूरा है और अधूरे कार्य को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा पाठशालावार दें?

पर्यटन को बढ़ावा

*2613 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है; इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया है और युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने व रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु सरकार ने क्या योजना बनाई है; क्षेत्रवार पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ख) जिला बिलासपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार ने किन-किन स्थानों को चुना है; प्रत्येक के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया और क्या-क्या कार्य किए जाएंगे; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

*2614 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उप-तहसील देहा, तहसील नेरवा व कुपवी में भवनों के निर्माण के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; कितनी व्यय की गई है तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

हिम स्खलन से नुकसान

*2615 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि रिब्बा गांव में हिम स्खलन के कारण बगीचों को नुकसान हुआ है; यदि हां तो कितना नुकसान हुआ है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा इन प्रभावित बागवानों को राहत के रूप में कितनी धनराशि प्रदान की गई है; ब्यौरा बागवानों के नाम-पते सहित दें?

नई लाइन

*2616 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गरोला से होली, गरोला से लाहल व दिनका 33 के0वी0 नई लाइन बिछाने का कार्य किन ठेकेदारों को दिया गया; और

(ख) लाहल 400/220/33 के0वी0 उप-केंद्र का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

शिक्षकों के पद/स्कूल भवन निर्माण

*2617 **श्रीमती रीना कश्यप(पच्छाद) ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला मानवा व राजकीय प्राथमिक पाठशाला पैण कुफर में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बांगी व राजकीय उच्च पाठशाला धरोटी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है और निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

उठाऊ सिंचाई योजना खोखन

*2618 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की खोखन उठाऊ सिंचाई योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

सनीहण से बटवाड़ा सड़क

*2619 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सनीहण-बटवाड़ा सड़क का निर्माण कार्य किस योजना के तहत किया जा रहा है; निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस सड़क को बटवाड़ा गांव से जोडा जा चुका है; यदि नहीं, तो क्या PMGSY में गांव को बिना जोड़े निर्माण कार्य बंद किया जा सकता है?

अनुसूचित जाति उप-योजना

*2620 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना (SCCP) में सड़कों व पुलों के निर्माण, सिंचाई एवं अन्य योजनाओं के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; कितनी आवंटित की गई है व कितनी व्यय की गई है; ब्यौरा दें?

आवारा पशु

*2621 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आवारा पशुओं के लिए नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

बस सेवा

*2622 **श्री विशाल नेहरिया (धर्मशाला)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों धर्मशाला और शाहपुर के अन्तर्गत पर्यटन क्षेत्र नड्डी के लिए परिवहन निगम की बस का रूट स्वीकृत है;

(ख) यदि हाँ, तो इस रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस क्यों नहीं चलाई गई; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार नड्डी के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस चलाने का विचार रखती है ?

भूमि स्थानांतरण

***2623 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार उतराला से सुराही पास (अनुभाग बकलुद से सुराही पास) सड़क निर्माण के लिए वन भूमि स्थानांतरण हेतु क्या पग उठा रही है तथा वन विभाग कब तक इसकी अनुमति प्रदान करेगा; ब्यौरा दें?

पैराग्लाइडिंग साइट

***2624 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बिलासपुर की बंदलाधार की पैराग्लाइडिंग साइट तकनीकी रूप से स्वीकृत हो गई है; यदि हां, तो इसे विकसित करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

विज्ञान की कक्षाएं

***2625 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैरा मसीत तहसील बल्ह में सरकार विज्ञान संकाय की कक्षाएं कब प्रारम्भ करेगी;

(ख) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगला में स्कूल भवन का निर्माण कब तक पूर्ण किया जाएगा ; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ग) इस विद्यालय में मैडिकल व कॉमर्स की कक्षाएं कब तक आरम्भ कर दी जाएंगी?

Recruitment and Promotion Rules

***2626 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the condition of passing of degree from ICAR (Indian Council of Agriculture and Research) has been made mandatory in the R&P Rules of Agriculture Extension Officer (Class-III); and

(b) what is the reason for changing the R&P Rules of this post and discountinue 50% batchwise recruitment; details be given ?

ईको टूरिज्म

***2627 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु क्या पग उठा रही है तथा इको टूरिज्म के तहत कौन-कौन से स्थान चिन्हित किए गए है; ब्यौरा दें?

पंजीकृत मामले

***2628 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) 1 अगस्त 2019 से 31 जनवरी 2020 तक पुलिस थाना व पुलिस चौकी ज्वाली, फतेहपुर, नूरपुर व इन्दौरा में कुल कितने चालान किए गए है; और

(ख) कितने मामले भारतीय दंड संहिता व अन्य अपराध निषेध कानून के अन्तर्गत पंजीकृत हुए हैं; ब्यौरा पुलिस थाना व पुलिस चौकीवार दर्ज मामलों और Summery Challans की संख्या सहित दें?

GSSS Kalhog

***2629 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is a fact that the foundation stone of the construction of bulding of GSSS Kalhog was laid on 9th August, 2014 ; if yes, by when the construction work will be completed?

Shifting of Jail

***2630 Sh. Anil Sharma (Mandi):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is fact that the Government is planning to shift the jail from Mandi town; if yes, by when it will be shifted?

विधायक प्राथमिकता

***2631 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कौन-कौन से कार्यों की डी0पी0आर0 तैयार कर दी गई हैं; कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; कौन से कार्य शुरू कर दिए गए हैं व कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; और

(ख) विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत ऊना शहर के वार्ड नं0-10 बेहली मोहल्ला में सराय भवन निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; किस एजेंसी के माध्यम से इसका निर्माण किया जाना है तथा निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

स्वीकृत धनराशि

***2632 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2018 से गत 2 वर्षों में दिनांक 01 जनवरी, 2020 तक बी0बी0एम0बी0 द्वारा नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें ?

Thalassemia Patients

***2633 Sh. Inder Dutt Lakhanpal (Barsar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many children are suffering from Thalassemia in the State; District-wise details be given;

(b) name of Government Hospitals where Thalassemia Minor test facility is available and what measures have been taken by the Government to stop the spread of disease;

(c) whether disability certificates are being issued to the Thalassemia Major children; if yes, then what facilities are being given to them and the disability category mentioned in these certificates is permanent or temporary; and

(d) whether free medicines are being provided to all patients suffering from Thalassemia Major; name of medicines and manufacturers be given?

Allotment of Houses

***2634 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 31.01.2020, how many persons/families were found eligible for allotment of houses under PMAY, MMAY or under any other State Government or Central Govenrment schemes in Development Blocks Bhawarna, Baijnath and Panchrukhi; panchayat-wise details be given; and

(b) what is the criteria adopted for this allotment?

विकासात्मक कार्य

*2635 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31-01-2020 तक रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत डंगों, दीवारों व भवनों का कार्य कहां-कहां हुआ तथा कितनी निविदाएं हुई; ब्यौरा उप-मण्डलवार व ठेकेदारों के नाम सहित दें?

Filling up of Vacant Posts

*2636 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many Senior Secondary Schools in Districts Shimla, Sirmour, Kinnaur, Chamba, Una and Hamirpur are without Principals and Lecturers of medical and non-medical subjects and since when;

(b) what was the strength of the students when the vacancies occurred and what is the strength as on today; details of each school be given; and

(c) what steps have been taken by the Government to fill up these posts?

वाहन योग्य सड़क

*2637 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शिवनगर गंदड़ वाया सियारा कुड़ाना सड़क वाहन योग्य पास हो चुकी है; यदि हाँ, तो कब; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) पंचरुखी पाहड़ा सड़क का सुधारीकरण/पुनर्निर्माण कब तक पूर्ण किया जाएगा; कार्य पूरा न होने के क्या कारण रहे; क्या सरकार ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है?

व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम

***2638 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) परिवहन विभाग ने व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD) लगाने के लिए किन-किन कम्पनियों को अधिकृत किया है;

(ख) कुल कितने वाहनों में यह डिवाइस लगाने का प्रस्ताव है व इस डिवाइस की कीमत कितनी है; और

(ग) क्या विभाग के पास महंगी दरों पर डिवाइस लगाने की शिकायत आई है और इस मामले में जांच करवाई गई है; ब्यौरा दें?

सम्पर्क मार्ग कुलथीना

***2639 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सम्पर्क मार्ग कुलथीना को बनाने हेतु लोक निर्माण मण्डल शिलाई द्वारा वन मण्डल पांवटा साहिब में वृक्ष काटने हेतु कितनी धनराशि जमा करवाई गई है तथा वृक्ष कटान की अद्यतन स्थिति क्या है?

हरिपुरधार-हरिद्वार बस सेवा

***2640 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ने हरिपुरधार-हरिद्वार बस सेवा शुरू की गई थी; यदि हां, तो इसे बन्द करने के क्या कारण रहे;

(ख) सरकार इस बस सेवा को पुनः बहाल करने का विचार रखती है; यदि हां ,तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) यह सत्य है कि ददाहू में बस अड्डा बनना प्रस्तावित है; और

(घ) यदि हां, तो क्या इसके लिए भूमि का चयन कर लिया है और इसका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

तेल क्रय

***2641 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक जनवरी, 2020 तक सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन द्वारा राशन कार्ड धारकों को दिए जाने वाले सरसों के तेल व सोया रिफाइंड की खरीद के लिए विभाग ने ई-टेंडर कब आमंत्रित किया तथा फाइनेंशियल बिड जोन ए व बी के लिए तेल का मूल्य कम से कम कितने रुपये आया; और

(ख) तेल की गिरती कीमतों के मद्देनजर सरकार रिटेंडर करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

मृदा परीक्षण लैब

***2642 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि उप-मंडल नालागढ़ में मृदा परीक्षण लैब नहीं है जिस कारण किसानों को मृदा परीक्षण के लिए सोलन जाना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार नालागढ़ में मृदा परीक्षण लैब खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

14वें वित्तायोग से स्वीकृत धनराशि

***2643 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नालागढ़ तथा धर्मपुर ब्लॉक्स की पंचायतों हेतु 14वें वित्तायोग से कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

Vacancy Position

***2644 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state how many posts of Doctors and para-medical staff are lying vacant in various health institutions in Sirmour district; by when these posts will be filled-up?

Bus Route

***2645 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state whether the Government intends to start Hamirpur-Delhi Bus route Via Dharwad Salouni; if yes, by when?

ट्रॉमा सैंटर

***2646 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ज्वालामुखी में ट्रॉमा सैंटर खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पर्यावरण संरक्षण

***2647 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पर्यावरण संरक्षण हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***2648 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड चौपाल व कुपवी में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ

***2649 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ में 3 हॉस्टल भवन, डाइनिंग हॉल व मल्टी-पर्पस हॉल का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो क्या इनकी निविदाएं कर दी गईं हैं; यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण रहे; ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें?

अग्निशमन केंद्र

***2650 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चम्बा में अग्निशमन केन्द्र की भूमि लोक निर्माण विभाग के नाम है; यदि हां, तो सरकार इस भूमि को कब तक अग्निश्मन विभाग चम्बा के नाम करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

मणीकर्ण बरशेणी रोड

***2651 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मणीकर्ण-बरशेणी रोड को NHPC से वापस लेकर लोक निर्माण विभाग को देने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

33के0वी0 सब स्टेशन

***2652 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर में 33के0वी0 सब-स्टेशन को अपग्रेड करने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

खेल परिसर लुहणु

***2653 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर के लुहणु मैदान में नवनिर्मित खेल परिसर के प्रवेश व निकासी द्वार के निर्माण का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Renewal of Licence

***2654 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that licences of HP Transport Service Providers are not being renewed by the Government; if yes, reasons thereof;

(b) how many such providers are engaged with the Transport Department; and

(c) what is the policy of the Government for their rehebilitation?

सहकारी सभाएं

***2655 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सहकारी/कृषि सभाएं कार्यरत हैं; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 24 फरवरी, 2020 . **सचिव।**